<u>समाचार</u>

महिलाओं के सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता व हर क्षेत्र में उनकी सशक्त भागीदारी के लिये प्रधानमंत्री का आभार – महापौर

(महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की अगुवाई में कोरबा में हुआ नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का भव्य आयोजन)

(टी.पी.नगर स्थित राजीव गांधी आडिटोरियम में 1000 से अधिक महिलाओं की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम)

कोरबा 16 अप्रैल 2026 – महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी देश के ऐसे महान प्रधानमंत्री है, जिन्होने महिलाओं के हित में ऐतिहासिक निर्णय लिये हैं, महिलाओं के सशक्तिकरण, उनमें आत्मनिर्भरता व हर क्षेत्र में महिलाओं की सशक्त भागीदारी बढ़ाने के लिये मैं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का दिल से आभार व्यक्त करती हूँ। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री श्री

मोदी के निर्देश पर संचालित नारी शक्ति वंदन का यह कार्यक्रम तथा नारी शक्ति वंदन अधिनियम विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं की भूमिका को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार सम्पूर्ण देश व प्रदेश में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं कोरबा में महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की अगुवाई में तथा जिला महिला बाल विकास के सौजन्य से नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का भव्य आयोजन आज किया गया। टी.पी.नगर स्थित राजीव गांधी आडिटोरियम में 1000 से अधिक महिलाओं की उपस्थिति में नारी शक्ति वंदन का यह भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने कहा कि भारत सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और राजनीतिक भागीदारी को बढ़ावा देने के लिये नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के रूप में एक देशव्यापी अभियान संचालित किया जा रहा है, यह लोकसभा व विधानसभा में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण, नारी शक्ति वंदन अधिनियम के जश्न महिला सुरक्षा शिक्षा और कौशल विकास पर केन्द्रित है तथा प्रधानमंत्री श्री मोदी का यह प्रयास विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं की भूमिका को मजबूत करने की दिशा में अतिमहत्वपूर्ण कदम है।

हुये विविध आयोजन – कोरबा में सम्पन्न नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत राजीव गांधी आडिटोरियम में महिला सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाली 1000 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया, इस मौके पर महिलाओं की मानवश्रृखला बनाई गई तथा हस्ताक्षर अभियान चलाकर उपस्थित महिलाओं ने हस्ताक्षर पट्टिका पर अपने हस्ताक्षर किये।

योजना की महिला हितग्राहियों, कामकाजी महिलाओं व गृहणियों ने साझा किये विचार – इस मौके पर कामकाजी महिलाओं, डॉक्टर्स, इंजीनियर्स, अधिवक्ता तथा गृहणियों के साथ–साथ शासन की विभिन्न योजनाओं की हितग्राहियों यथा प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन योजना, महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, उज्जवला योजना सहित विभिन्न योजनाओं की महिला हितग्राहियों ने योजना से मिले लाभों के संबंध में अपने विचार सम्मेलन में रखें तथा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय व कोरबा की महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर वीना शर्मा, रूखमणी नायर, प्रीति स्वर्णकार, संतोषी दीवान, ज्योति पाण्डेय, वैशाली रत्नपारखी, सारिका यादव, पुष्पा नवरंग, रजनी मौर्य, नागज्योति राठौर, शिल्पा दाडेकर, बबीता उपाध्याय, वंदना गुप्ता, कल्पना पाण्डेय, सुमन तिवारी, मीनू त्रिवेदी, विजयलक्ष्मी तिवारी, ऋषि सचदेवा, सुधा दुबे, श्रीमती शिव आदि के साथ काफी संख्या में महिलायें उपस्थित थी।